परिशिष्ट 2.1

(संदर्भ अनुच्छेद 2.1.5; पृष्ठ 21)

आय और व्यय की स्थिति

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आय					व्यय				शुद्ध अधिशेष (प्रतिशत)
	सहमति शुल्क	जल उपकर	ब्याज आय	अन्य आय[1]	कुल आय	परियोजना खर्चे	स्थापना और अन्य खर्चे	आयकर	कुल व्यय	
2012–13	43.03	20.52	19.33	0.90	83.78	10.79	17.62	1.22	29.63	54.15 (65)
2013–14	45.75	0.00	25.65	1.39	72.79	1.22	18.43	1.46	21.11	51.68 (71)
2014–15	38.05	0.00	29.81	1.26	69.12	0.80	22.25	3.38	26.43	42.69 (62)
2015–16	75.76	8.14	31.65	4.78	120.33	0.71	24.13	6.40	31.24	89.09 (74)
2016–17	उपलब्ध नहीं									
कुल	**202.59**	**28.66**	**106.44**	**8.33**	**346.02**	**13.52**	**82.43[2]**	**12.46**	**108.41**	

स्रोत: आरएसपीसीबी, जयपुर

[1] प्रयोगशाला नमूना जांच शुल्क, बीएमडब्लू, निगरानी शुल्क इत्यादि

[2] प्रयोगशाला व्यय पर ₹ 1.00 करोड़ सम्मिलित

परिशिष्ट 2.2

(संदर्भ अनुच्छेद 2.1.6.3; पृष्ठ 24)

एनसीआर में वायु प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण और कमी के लिए उपायों के रूप में किए जाने वाले कार्य

क्र.सं.	कार्य बिन्दु	क्रियान्वयन के लिए समय सीमा	सम्बन्धित प्राधिकारी
ए	**वाहन के उत्सर्जनों पर नियंत्रण**		
1	प्रदूषणकारी वाहनों के विरूद्ध व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करें;	तुरंत	परिवहन विभाग
2	स्पष्ट प्रदूषणकारी वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें;	तुरंत	परिवहन विभाग
3	अधिभार को रोकने के लिए देहली की सीमाओं पर गति पुलों में तौलना स्थापित करें;	तुरंत	परिवहन विभाग
4	गैर निर्धारित क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग को रोकने के लिए कदम उठाए ;	तुरंत	परिवहन विभाग
5	मार्ग परिवर्तन के लिए प्रमुख मार्गों पर यात्रियों के लाभ के लिए यातायात की भीड़ से सम्बन्धित प्रारम्भिक अलार्म प्रणाली का सूत्रपात करें;	तुरंत	परिवहन विभाग
6	सड़क पर वाहनों के शिखर संचलन को कम करने के लिए फ्लेक्सी/चौकाने वाले समय की योजना शुरू करने पर विचार करें;	तुरंत	परिवहन विभाग
7	कण फिल्टर के साथ डीजल वाहनों के पुन:संयोजन के लिए कदम उठाए;	तुरंत	परिवहन विभाग
8	डी-कान्जेस्ट मार्ग	तुरंत	परिवहन विभाग
9	यातायात संचलन को सिंक्रनाइज करे। लेन ड्राईविंग के लिए बुद्धिमतापूर्ण यातायात प्रणाली का सूत्रपात करें;	30 दिन	खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, परिवहन
10	ईंधन भरने वाले स्टेशनों में वेपोर रिकवरी प्रणाली स्थापित करें;	30 दिन	खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, परिवहन
11	रिमोट सेंसर आधारित पीयूसी प्रणाली इत्यादि की स्थापना के लिए कदम उठाए;	90 दिन	परिवहन विभाग
12	डिस्पेंसिग मशीनों की बढ़ती संख्या सहित ईंधन स्टेशनों के विसंकुलन को नियंत्रित करने के लिए कार्य योजना तैयार करना;	90 दिन	खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, परिवहन
13	ईंधन गुणवत्ता वाले आंकड़ों की यादृच्छिक निगरानी और ईंधन में मिलावट की जांच के लिए कार्य योजना तैयार करना;	90 दिन	खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, परिवहन
14	सीएनजी साधन पर सार्वजनिक परिवहन के लिए कार्य योजना तैयार करना;	90 दिन	परिवहन विभाग

15	सड़क के विसंकुलन के लिए बुनियादी ढ़ांचे में सुधार और सड़क चौड़ी करना आरंभ करना;	90 दिन	परिवहन विभाग
16	बैटरी संचालित वाहनों को बढ़ावा देना;	90 दिन	परिवहन विभाग
17	पश्चिमी और पूर्वी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के वक्त से पहले शीघ्र पूर्ण करने में तेजी लाने के लिए कदम उठाएं और पूर्णता अनुसूची प्रस्तुत करें।	60 दिन	परिवहन विभाग
बी	**सड़क धूल नियंत्रण/धूल के पुनः निलंबन और अन्य फ्यूजिटिव उत्सर्जन**		
18	यातायात गलियारों के साथ हरी बफर सृजन के लिए कार्य योजना तैयार करना;	तुरंत	परिवहन विभाग
19	सड़कों को मेकेनाइज्ड वेक्यूम/गीली सफाई का सूत्रपात करना;	30 दिन	परिवहन विभाग
20	उत्सर्जन और धूल को कम करने के लिए पोट होल्स मुक्त सड़कों के संधारण से यातायात का मुक्त प्रवाह बनाए रखे;	60 दिन	परिवहन विभाग
21	जहां भी संभव हो प्रमुख यातायात चौराहों पर जल फव्वारों का सूत्रपात करना;	90 दिन	परिवहन विभाग
22	खुले क्षेत्रों, उद्यानों, सामुदायिक स्थानों, विद्यालयों और आवास समितियों को हरियाली का कार्य करना;	90 दिन	परिवहन विभाग
23	सड़क धूल टालने के लिए सड़क सोल्डर्स के पेवमेंट/ब्लेकटोपिंग के लिए कदम उठाएं;	180 दिन	एलएसजी/यूडीएच
सी	**बायोमास जलाने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण**		
24	खुल में बायोमास/पत्ते/टायर इत्यादि जलाने जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए इनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें और आवधिक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करें;	तुरंत	कृषि विभाग
25	बागवानी कचरा (बायोमास) का उचित संग्रह और खाद-सह-बागवानी दृष्टिकोण सुनिश्चित करना;	तुरंत	कृषि विभाग
26	कृषि कचरे और फसल के अवशेष को जलाने पर रोक की सख्त पालना सुनिश्चित करना;	तुरंत	कृषि विभाग
27	होटलों और रेस्टोरेन्टस में कोयले के उपयोग पर रोक लगाना और दिल्ली में खाना पकाने के लिए केरोसीन का उपयोग हटाना;	60 दिन	एलएसजी/यूडीएच
डी	**औद्योगिक वायु प्रदूषण पर नियंत्रण**		
28	अनाधिकृत ईंट भट्टों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें;	30 दिन	आरएसपीसीबी
29	मानकों के साथ अनुपालन नहीं करने वाली औद्योगिक इकाईयों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें;	60 दिन	आरएसपीसीबी
30	प्राकृतिक ड्राफ्ट ईंट भट्टों के प्रेरित ड्राफ्ट में रूपांतरण की सख्त अनुपालना लागू करना;	90 दिन	आरएसपीसीबी

31	जहां भी संभव हो, उद्योगों द्वारा प्राकृतिक गैस पर स्विचिंग ओवर करने की कार्ययोजना प्रारंभ करना;	120 दिन	आरएसपीसीबी
ई	**निर्माण और विध्वंस क्रियाओं से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण**		
32	उचित आवरण के माध्यम से निर्माण स्थलों पर धूल प्रदूषण नियंत्रण;	तुरंत	एलएसजी/यूडीएच
33	बाधाओं और धूल दमन इकाईयों, पर्दे, पानी छिड़काव के माध्यम से सामग्री संचालन, कनवेयिंग और स्क्रीनिंग संचालन से फ्यूजिटिव उत्सर्जन के लिए नियंत्रण उपायों को करना;	30 दिन	एलएसजी/यूडीएच
34	बंद/ढ़के हुए पतीलों में निर्माण सामग्री की ढुलाई सुनिश्चित करना;	30 दिन	एलएसजी/यूडीएच
एफ	**वायु प्रदूषण नियंत्रण के अन्य कदम**		
35	रिपोर्ट की गई गैर-अनुपालन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्र में हेल्पलाइन स्थापित करना;	तुरंत	एलएसजी/यूडीएच
36	केंद्रीय और राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से जुड़े मोबाईल आधारित एप्लीकेशन और अन्य सामाजिक मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से कचरा। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट जलाने की सूचना की एक प्रणाली विकसित करना;	30 दिन	एलएसजी/यूडीएच
37	शिकायतों के त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया स्थापित करना;	30 दिन	एलएसजी/यूडीएच
38	घरेलू खाना पकाने के प्रयोजनों के लिए एलपीजी/पीएनजी के कवरेज को अधिकतम करने के लिए 100 प्रतिशत को प्राप्त करने की इच्छा के साथ कदम उठाना;	90 दिन	एलएसजी/यूडीएच
39	केवल मानदंडों को पूरा करने वाले डीजी सेट के परिचालन की अनुमति दी जाना सुनिश्चित किया जाए;	30 दिन	एलएसजी/यूडीएच
40	रेस्टोरेंट/ढ़ाबों/सड़क के किनारे भोजनालयों पर कोयले की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना;	90 दिन	एलएसजी/यूडीएच
41	कृषि अवशेष जलाने के प्रवर्तन और ट्रेकिंग की सेटेलाइट आधारित निगरानी लागू करना;	90 दिन	एलएसजी/यूडीएच
42	बायोमास जलाने से बचने के लिए बायोमास आधारित बिजली उत्पादन इकाईयों की स्थापना के लिए कदम उठाना;	एक साल	एलएसजी/यूडीएच

स्रोत: आरएसपीसीबी, जयपुर

परिशिष्ट 2.3

(सन्दर्भ अनुच्छेद 2.1.7.3, पृष्ठ 30)

वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की सूची

क्र.सं.	शहर का नाम	स्थापना वर्ष	एएक्यूएमएस/सीएएक्यूएमएस का स्थान	टिप्पणियां
			(अनुमोदित स्थान का नाम)	
1	भिवाड़ी	2015	**आरओ, आरएसपीसीबी भवन**	–
2	भिवाड़ी	2015	**यूआईटी गेस्ट हाउस**	ईएसआई अस्पताल
3	भिवाड़ी	2016	**मैसर्स उत्तम स्ट्रीप्स**	–
4	अलवर	1994	**आरओ आरएसपीसीबी भवन**	–
5	अलवर	1994	**मैसर्स जैन इरिगेशन लिमिटेड**	गौरव सोलवेक्स
6	अलवर	1991	**मैसर्स विन्टेज डिस्टीलर्स लिमिटेड**	आरआईआईसीओ पम्प हाउस
7	जोधपुर	1994	**शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन**	–
8	जोधपुर	2003	**चौपासनी हाउसिंग बोर्ड**	–
9	जोधपुर	1994	**महामंदिर पुलिस स्टेशन**	–
10	जोधपुर	1994	**सोजति गेट पुलिस स्टेशन**	–
11	जोधपुर	2003	**डी आई सी कार्यालय**	–
12	जोधपुर	2003	**आरओआरएसपीसीबी भवन**	आरआईआईसीओ कार्यालय बानसी II
13	कोटा	1985	**कृषि विज्ञान केन्द्र बोरखेड़ा**	समकौर ग्लास लिमिटेड
14	कोटा	2000	**नगर निगम रामपुरा**	–
15	कोटा	2016	**फायर स्टेशन**	–
16	कोटा	2016	**मैसर्स गिरीराज आईटीआई**	सीवरेज ट्रीटमेन्ट पलान्ट बालिता
17	कोटा	2016	**राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय**	–
18	कोटा	1998	**आरओआरएसपीसीबी भवन**	–
19	उदयपुर	1994	**आरओआरएसपीसीबी भवन**	–
20	उदयपुर	1994	**टाउन हाल**	–
21	उदयपुर	1994	**अम्बा माता**	–
22	जयपुर	1996	**आरएसपीसीबी प्रधान कार्यालय भवन झलाना डूंगरी**	–
23	जयपुर	1996	**आरओआरएसपीसीबी भवन, सीकर रोड़**	–
24	जयपुर	1996	**आरएसईबी भवन, चांदपोल**	–

25	जयपुर	1996	**पीकेआई, मनोरंजन क्लब**	–
26	जयपुर	1996	**रिको कार्यालय एमआईए**	–
27	जयपुर	1996	**पीएचईडी भवन अजमेरी गेट**	–
28	जयपुर	2017	रिको कार्यालय बाईस गोदाम औद्योगिक क्षेत्र	–
29	जयपुर	2017	रिको कार्यालय, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र	–
30	भरतपुर	2015	आरओ भवन भरतपुर	–
31	भरतपुर	2016	रिको कार्यालय	–
32	भरतपुर	2016	खादी ग्रामोद्योग	–

सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस)

1	जयपुर	2012	**पुलिस आयुक्त, एमआई रोड़**	–
2	जोधपुर	2012	**जिला कलेक्ट्रेट, जोधपुर**	–
3	जयपुर	2017	मनोरोग केन्द्र, सेठी कालोनी	–
4	जयपुर	2017	क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, शास्त्री नगर	–
5	अजमेर	2017	सैनिक विश्राम गृह, सिविल लाइन	–
6	पाली	2017	बांगड़ राजकीय पीजी महाविद्यालय, पाली	–
7	भिवाड़ी	2017	**जल आपूर्ति योजना फैज-4 आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र**	–
8	कोटा	2017	**श्रीनाथ पुरम स्टेडियम**	–
9	अलवर	2017	**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय, डीजीएम स्कूल के सामने, अलवर**	–
10	उदयपुर	2017	**डीएमजी कार्यालय, कोर्ट सर्किल**	–

स्रोत: आरएसपीसीबी, जयपुर, संयुक्त रुप से दौरा किए गए इकाईयों को बोल्ड में हाइलाईट किया गया है।

परिशिष्ट 2.4

(सन्दर्भ अनुच्छेद 2.1.7.3, पृष्ठ 30)

अनुपयुक्त स्थानों पर स्थापित वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरणों का विवरण

क्र. सं.	शहर का नाम	निरीक्षण जगहों के नाम और स्थिति	लेखापरीक्षा निष्कर्ष
1	अलवर	सीएएक्यूएमएस, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद	इमारत के पीछे की ओर के कोने पर स्थित है और इमारतों से घिरा हुआ है।
2	अलवर	एएक्यूएमएस, मैसर्स विन्टेज डिस्टीलर्स लिमिटेड, 117 एमआईए, अलवर	छोटे आकार की इमारत की छत के कोने पर स्थित और इमारतों और पेड़ों से घिरा हुआ है।
3	अलवर	एएक्यूएमएस, मैसर्स जैन इरिगेशन लिमिटेड	छोटी आकार की इमारत की छत के कोने पर स्थित और पेड़ों से घिरा हुआ है।
4	भिवाड़ी	सीएएक्यूएमएस, वाटर सप्लाई कोम्लैक्स, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र	दीवार के पास, इमारतों, पेड़ों और पानी के ऊंचे टैंक से घिरा हुआ है।
5	जोधपुर	एएक्यूएमएस, रीजनल कार्यालय, जोधपुर	इमारत की छत के कोने पर स्थित और पेड़ों से घिरा हुआ है।
6	जोधपुर	एएक्यूएमएस, महामंदिर, पुलिस स्टेशन	पेड़ों से घिरा हुआ है।
7	जोधपुर	एएक्यूएमएस, सोजतिगेट, पुलिस स्टेशन	पेड़ों से घिरा हुआ है।
8	जोधपुर	एएक्यूएमएस, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड	सैम्पलर दीवारों और पेड़ों के पास स्थापित किया गया था।
9	कोटा	एएक्यूएमएस, फायर स्टेशन	सैम्पलर दीवारों और पेड़ों के पास स्थापित किया गया था।
10	कोटा	एएक्यूएमएस, केवीके, बोरखेड़ा	स्टेशन खेती की जमीन से घिरा हुआ था और पास में कोई प्रदूषण संकेद्रण व चढ़ाव या उतार के स्रोत इत्यादि नहीं थे
11	उदयपुर	एएक्यूएमएस, टाउन हाल	दीवार के पास इमारतों और पेड़ों से घिरा हुआ है
12	उदयपुर	एएक्यूएमएस, आरओ बिल्डिंग	छत के भूतल पर रखा गया और चार दीवारी के पास

स्रोत: क्षेत्रीय कार्यालय, आरएसपीसीबी और परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन।

परिशिष्ट 2.5

(संदर्भ अनुच्छेद 2.1.7.3, पृष्ठ 31)

अनुमोदित स्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर स्थापित सैम्पलरों का विवरण

क्र. सं.	शहर का नाम	निगरानी स्टेशन का प्रकार	निगरानी स्टेशनों के अनुमोदित स्थान	स्थान जहां सैम्पलर स्थापित किया गया था
1	अलवर	एएक्यूएमएस,	मैसर्स गौरव सोलवेक्स लिमिटेड	मैसर्स जैन इरिगेशन लिमिटेड
2	अलवर	एएक्यूएमएस,	रिको पम्प हाउस	प्रहरी कक्ष की छत औद्योगिक क्षेत्र मैसर्स वीन्टेज डिस्टिलरीज के साथ जुड़ा हुआ।
3	भिवाड़ी	सीएएक्यूएमएस,	यूआईटी गेस्ट हाउस	वाटर सम्लाई कोम्पलैक्स, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र
4	भिवाड़ी	एएक्यूएमएस,	ईएसआई अस्पताल	यूआईटी गेस्ट हाउस
5	जयपुर	सीएएक्यूएमएस,	आरओ बिल्डिग, सीकर रोड	पुलिस आयुक्तालय
6	कोटा	एएक्यूएमएस,	समकोर ग्लास लिमिटेड	कृषि विज्ञान केन्द्र, बोरखेड़ा
7	कोटा	एएक्यूएमएस,	मलजल उपचार संयंत्र, बालिता	गीरीराज आईटीआई

स्रोत: क्षेत्रीय कार्यालय, आरएसपीसीबी और परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन।

परिशिष्ट–3.1

(संदर्भ अनुच्छेद 3.1.5.1; पृष्ठ 74)

अरावली पर्वत पहाड़ियों में खनन के संदर्भ में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का विवरण (रिट याचिका (सिविल) संख्या 202/1995)

दिनांक	विवरण
29 अक्टूबर 2002	भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने संपूर्ण अरावली पहाड़ियों में समस्त खनन गतिविधियों को निषिद्ध एवं प्रतिबंधित किया था। यह प्रतिबंध केवल कोट एवं आलमपुर ग्रामों को घेरने वाली पहाड़ियों तक सीमित नहीं था बल्कि धौलपुर से राजस्थान तक की संपूर्ण अरावली की पहाड़ियों तक बढ़ाया गया था। मुख्य सचिव, हरियाणा राज्य एवं राजस्थान राज्य के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि अरावली पहाड़ियों, विशेष रूप से उन भागों में जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत वन क्षेत्र या रक्षित क्षेत्र माने गये थे, में खनन गतिविधियां नहीं की जावे।
16 दिसंबर 2002	हरियाणा से राजस्थान तक अरावली पहाड़ियों में खनन गतिविधियों को निषिद्ध एवं प्रतिबंधित करने के भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29/30 अक्टूबर 2002 के आदेश को, जहां तक राजस्थान राज्य से सम्बन्धित था, निम्न प्रभावानुसार संशोधित किया गया था: कथित राज्य में जहां कहीं भी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत आवश्यक अनुमोदन/स्वीकृतियां प्राप्त की जा चुकी है तथा लागू अधिनियमों या अधिसूचनाओं या न्यायालय के आदेशों के अंतर्गत खनन को निषिद्ध नहीं किया गया है, खनन जारी रह सकेगा तथा ऐसे खनन के लिए पूर्व कथित आदेश लागू नहीं होगा।
8 अप्रैल 2005	आगामी निर्देशों तक लंबित रखते हुए, हम वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार के खनन को प्रतिबंधित करते है। आगे, हम राजस्थान राज्य में अवस्थित अरावली पहाड़ियों में किसी भी क्षेत्र में जहां 16 दिसंबर 2002 के पश्चात अनुमति प्रदान की गई थी, खनन को प्रतिबंधित किया गया था।
19 फरवरी 2010	राजस्थान राज्य की अरावली श्रृंखला में तकरीबन 261 खनन पट्टे थे। कुछ खनन पट्टे 16 दिसंबर 2002 के पश्चात नवीनीकृत किये गए थे, यद्यपि उस दिनांक को पारित आदेश के अनुसार यह कठोर रूप से अनुमत्य नहीं था। प्राधिकारियों के पास एक बड़ी संख्या में नवीनीकरण आवेदन भी लंबित है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) नियम, 1960 के नियम 24ए खनन पट्टे का नवीनीकरण के समझे जाने के प्रावधान का लाभ लेते हुए लगभग सभी पट्टेधारक बिना व्यवधान के खनन संक्रियाये जारी रख रहे है। नवीनीकरण आवेदन बहुत लंबे समय से एवं कुछ प्रकरणों में अनेक वर्षो से लंबित है। नियम 24ए स्पष्ट रूप से इस तरह की स्थिति परिकल्पित नहीं करता है। हम तदनुसार, उन सभी पट्टेधारकों जिनके सम्बन्धित पट्टों के नवीनीकरण के आवेदन लंबित है, को आगामी आदेशों तक किसी प्रकार की खनन संक्रियाएं करने से प्रतिबन्धित करते हैं।

परिशिष्ट-3.2

(संदर्भ अनुच्छेद 3.1.6; पृष्ठ 79)

पट्टेधारियों द्वारा पर्यावरणीय मुद्दों की पालना के सम्बन्ध में विभिन्न विनियमों के अधीन प्राविधित प्रावधान

1. ऊपरी मृदा

खनिज संरक्षण एवं विकास नियम, 1988	खनन योजना	पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें	संचालन की सहमति की शर्तें
नियम 32- प्रधान खनिज खनन पट्टे का प्रत्येक धारक, जहां कहीं भी ऊपरी मृदा विद्यमान है तथा खनन संक्रियाओं के लिये उत्खनित की जानी है, इसको पृथक रूप से हटायेगा और भूमि की बहाली या पुनर्वास के लिये उपयोग करेगा। अप्रधान खनिज पट्टों के लिये राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 1986 के नियम 37 यू(1) में समान प्रावधान विद्यमान है।	ऊपरी मृदा का भण्डारण बगैर खनिज की उपलब्धता वाले क्षेत्र पर किया जावेगा। ऊपरी मृदा को ढ़ेरों के ऊपर वृक्षारोपण के उद्देश्य के लिये फैलाया जायेगा।	ऊपरी मृदा, यदि कोई, को केवल चिन्हित स्थलों पर भण्डारण किया जावेगा और इसे लंबी अवधि के लिये अनुपयोगी नहीं रखा जावेगा। ऊपरी मृदा का उपयोग पुनः स्थापन एवं वृक्षारोपण के लिये किया जावेगा।	परियोजना प्रस्तावक ऊपरी मृदा का भण्डारण पृथक से करेगा और इसका उपयोग वृक्षारोपण एवं मलबे के ढ़ेरों के पुनः स्थापन के लिये करेगा।

2. अधिभार ढ़ेर

खनन योजना	पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें	संचालन की सहमति की शर्तें
उत्खनित खनिज के प्रकार के आधार पर प्रत्येक पट्टाधारी खनन योजना में अधिभार के विशिष्ट प्रशोधन/पुर्नप्राप्ति का प्रस्ताव करता है। अधिभार का धरण दीवार के द्वारा स्थिरीकरण। (प्रत्येक पट्टाधारी अधिभार स्थिति के अनुसार स्थिरीकरण का प्रस्ताव करता है।)	अधिभार सामग्री का ढ़ेर लगाने के लिए एक अलग स्थान चिन्हत होना चाहिए और इसे लम्बी अवधि के लिए सक्रिय नही रखा जावे। क्षरण और सतही बहाव को रोकने के लिए अधिभार ढ़ेरों को वैज्ञानिक रूप से उपयुक्त देशी प्रजातियों के साथ वनस्पति युक्त किया जाना चाहिए। वनस्पति के आत्मनिर्भर होने तक पुनर्वासित क्षेत्रों का प्रबोधन एवं प्रबंधन, जारी रखा जाना चाहिए।	उत्पन्न अधिभार केवल चिन्हित ढ़ेर स्थल पर जमा किया जावेगा और ढ़ेर लगाने के पश्चात् इसे उपयुक्त वृक्षारोपण द्वारा स्थिर किया जाना चाहिए। वनस्पति के आत्मनिर्भर होने तक पुर्नवासित क्षेत्रों का प्रबोधन एवं प्रबंधन जारी रखा जाना चाहिए। अधिभार ढ़ेरों के पैंदे पर एक धरण दीवार होनी चाहिये।

3. वृक्षारोपण

<table>
<tr><th colspan="2">राजस्थान सरकार के परिपत्र दिनांक 29 सितंबर 2003</th><th>खनन योजना</th><th>पर्यावरणीय सहमति की शर्तें</th><th>संचालन की सहमति की शर्तें</th></tr>
<tr><td colspan="2">प्रत्येक पट्टाधारक/खदान अनुज्ञप्तिधारक के लिए वृक्षारोपण के लिए मानदंड निम्नानुसार होंगे:</td><td rowspan="6">खनन योजना में प्रजातियों का नाम जिनको रोपा जाना है, पौधों की संख्या, वर्षवार वृक्षारोपण के लिए स्थान/जगह सम्मिलित है। बाद में पट्टेदार को वृक्षारोपण की देखभाल के दौरान पानी देना, खाद, कीटनाशक उपचार और पौधों के मरने पर पुनः स्थापना को सुनिश्चित करना है, ताकि जीवित रहने की दर 80 प्रतिशत से कम न हो।</td><td rowspan="6">खनन पट्टे के क्षेत्र में चारों तरफ चरणबद्ध तरीके से वृक्षारोपण को विकसित किया जाना चाहिए। वृक्षारोपण पट्टा क्षेत्र के आधार पर भिन्न होता है।</td><td rowspan="6">पट्टेदार, खान के चारों ओर परिवेश में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कुल पट्टाक्षेत्र का कम से कम 33 प्रतिशत में वृक्षारोपण का विकास करेगा और वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना का पालन करना होगा।</td></tr>
<tr><th>श्रेणी</th><th>मानदंड</th></tr>
<tr><td>प्रधान खनिज पट्टेदार</td><td>5 पौधे/हैक्टर या अंश/वर्ष</td></tr>
<tr><td>मार्बल, सरपेंटाईन एवं ग्रेनाईट पट्टों और खदान अनुज्ञप्तिधारी</td><td>20 पौधे/हैक्टर या अंश/वर्ष</td></tr>
<tr><td>अन्य अप्रधान खनिज पट्टों और खदान अनुज्ञप्तियां</td><td>40 पौधे/हैक्टर या अंश/वर्ष</td></tr>
<tr><td>मार्बल और ग्रेनाईट के अलावा खनिजों का खदान अनुज्ञप्तियां जिनका क्षेत्रफल एक हैक्टर से कम हो।</td><td>5 पौधे/खदान अनुज्ञप्ति/वर्ष</td></tr>
</table>

4. गारलैन्ड नाली का निर्माण

पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें	संचालन सहमति की शर्तें
गारलैन्ड नाली का निर्माण वर्षा के दौरान निचले क्षेत्रों में पानी के बहाव से गाद एवं तलछट को रोकने के लिए खनन गड्ढे एवं अधिभार ढ़ेर के चारों ओर किया जाना चाहिये।	पानी एवं तलछट के बहाव को रोकने के लिये खनिज एवं अधिभार ढ़ेर के चारों ओर गारलैन्ड नाली का निर्माण किया जाना चाहिए।

5. वायु प्रदूषण नियंत्रण उपाय

खनिज संरक्षण एवं विकास नियम, 1988	खनन योजना	पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्त	संचालन की सहमति की शर्तें
नियम 37 में वर्णित है कि खनन उपकृति एवं संबंधित गतिविधियों के दौरान परिष्कृत[3], धूल, धुआं या गैसों के उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण को नियंत्रित	वायु प्रदूषण के सम्भावित कारणों का विवरण एवं उनके निवारण उपायों का विवरण पर चर्चा।	हाल रोड, चढ़ाने एवं उत्पादन वाले बिन्दुओं पर वायु जनित धूल के कणों को रोकने हेतु पानी से छिड़काव किया जावेगा। वायु की गुणवत्ता के	पानी के छिडकाव एवं स्थापित की गई छिडकाव प्रणाली में सहित धूल को दबाने के लिये उपयोग हेतु संधारित रखना था। संचालन की सहमति की

[3] परिष्कृत से आशय खनिजों या अयस्क की संक्रिया से है (i) चाही गई उत्पाद के आकार को विनियमित करना (ii) अनुपयोगी घटकों को अलग हटाना, और (iii) चाहे गए उत्पाद की विशेषता, उसकी शुद्धता और परख या विश्लेषण श्रेणी को प्रोन्नत करना।

किया जावेगा और देश के विभिन्न पर्यावरण सम्बन्धी विधियों जिनमें वायु (प्रदूषण के निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 तथा पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम 1986 शामिल है, के अधीन विनिर्दिष्ट प्रधान खनिज के पट्टाधारी द्वारा 'अनुक्षेप सीमा' के भीतर रखा जावेगा। अप्रधान खनिज पट्टों के लिये राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम, 1986 के नियम 37 यू(4) में समान प्रावधान विद्यमान है।		प्रबोधन हेतु सस्पेंडेड पर्टिकुलेट मेटर्स (एसपीएम), रेस्पिरेवल पर्टिकुलेट मेटर्स (आरपीएम), सल्फर डाईऑक्साइड (एसओटू), नाईट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओटू) और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) के स्तर की जांच की जावेगी और इसके परिणामों को छः माह में एक बार राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रस्तुत की जावेगी।	शर्त के अनुसार पट्टेधारी को एसपीएम के लिये खनन क्षेत्र में परिवेशी वायु की गुणवत्ता के लिये छः माह में एक बार प्रबोधन करना आवश्यक है और परिणामों का राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रस्तुत करने है। पट्टेधारी को परिवेशी वायु की गुणवत्ता के प्रबोधन के लिये आवश्यक मूलभूत सुविधायें मय उपकरण उपलब्ध करायेंगे।

6. ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण उपाय

खनिज संरक्षण एवं विकास नियम, 1988	**खनन योजना**	**पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें**	**संचालन की सहमति की शर्तें**
नियम 39 प्राविधित करता है कि प्रधान खनिज के पट्टेधारी द्वारा खानों, कार्यशाला इत्यादि से उत्पन्न ध्वनि के स्रोत पर नियंत्रित किया जावेगा जिससे कि उसे अनुज्ञेय सीमा तक रखा जा सके। अप्रधान खनिज पट्टों के लिये राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम 1986 के नियम 37यू (6) में समान प्रावधान विद्यमान है। आगे, ध्वनि परीक्षण के पीरियोडिकल परिणामों को संबंधित खनि अभियंता/सहायक खनि अभियंता के साथ-साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारियों को सूचित किया जावेगा।	खनन स्थान पर लगाई गई मशीन का उचित संधारण प्रस्तावित है। जिससे ध्वनि को कम किया जा सके।	ध्वनि के स्तर को निर्धारित मानकों के अन्दर नियंत्रित करने हेतु उपाय किये जाने चाहिये।	ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा से किन्हीं परिस्थितियों में अधिक नहीं होना चाहिये (दिन के समय 75 डीबीए और रात्रि के समय 65 डीबीए) ध्वनि स्तर के परिणामों का प्रबोधन छः माह में एक बार किया जाना चाहिये और इसके परिणामों को नियमित रूप से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रस्तुत किये जावेंगे।

7. उत्खनित गड्ढों का पुन:स्थापन एवं सुधार

खनिज संरक्षण तथा विकास नियम, 1988	पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें	संचालन की सहमति की शर्तें
नियम 34 कहता है कि प्रधान खनिज खनन पट्टे के हर धारक खनन संक्रियाओं द्वारा प्रमाणित भूमियों को पूर्व अवस्था के अनुकूल बहाल करने, उद्धार करने और पुनर्वास करने का कार्य करेगा तथा यह कार्य ऐसी संक्रिया के निष्कर्ष के पूर्व और खनन के परित्याग के पूर्व किया जावेगा। अप्रधान खनिज पट्टे के लिये राजस्थान अप्रधान खनिज नियम, 1986 के नियम 37 यू(3) में समान प्रावधान विद्यमान है।	अंतिम खान समापन योजना, कोष निधि के ब्यौरे के साथ अंतिम खान बंद करने के पांच वर्ष पूर्व मंजूरी के लिये एम.ओ.ई.एफ. को प्रस्तुत किया जाना चाहिये।	खनन इकाई खनन कार्यो से प्रभावित स्थापित प्रथाओं और प्रक्रियाओं के अनुसार चरणबद्ध पुर्नस्थापना और पुर्नवास का कार्य करेगा तथा खनन कृत्यों के निष्कर्ष से पहले एवं स्वामित्व या संभावनाओं का त्याग करने से पहले यह कार्य पूरा करेगा।

8. बेन्चों में खनन

मेटलीफेरस खान का विनियमन, 1961	खनन योजना	पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तें
विनियमन 106(2)(अ) प्राविधित करती है कि जहां ढ़लान वाली सतह पर जमा का उत्खनन मानव साधनों से किया जाता है, सतह को बैंच निर्मित किया जावेगा तथा भागों को क्षैतिज से 60 डिग्री से अधिक कोण पर ढ़लवा बनाया जावेगा। किसी भी बैंच की ऊंचाई छ: मीटर से अधिक नही होगी तथा चौड़ाई ऊंचाई से कम नही होगी। तथापि, जहां अयस्क स्रोत तुलनात्मक रूप से कठोर एवं ठोस चट्टान से बनाये क्षेत्रीय निरीक्षण एक लिखित आदेश द्वारा तथा ऐसी शर्तो के अधीन जैसी की वह उसमें विनिर्दिष्ट करें बैंच की ऊंचाई 7.5 मीटर तक बढ़ाने की अनुमति दे सकेगा।	खान का वर्षवार विकास जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिये विकसित की जाने वाली बैंच गड्ढावार ऊंचाई, चौड़ाई एवं लंबाई प्रदान की जाती है।	बैंचों की ऊंचाई, चौडाई तथा ढ़ाल मेटलीफेरस खान विनियमन, 1961 अथवा महानिदेशक, खान सुरक्षा के अनुमोदन के अनुसार रखा जावेगा।

परिशिष्ट 3.3

(संदर्भ अनुच्छेद 3.1.6.3; पृष्ठ 85)

संयुक्त भौतिक निरीक्षण जांच-परिणामों का राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की 38 निरीक्षण प्रतिवेदनों के साथ क्रॉस-सत्यपान

क्र.सं.	पर्यावरणीय मुद्दों के घटक	संयुक्त भौतिक निरीक्षण और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के प्रतिवेदनों के मध्य तुलना	लेखापरीक्षा टिप्पणी
1	ऊपरी मृदा: राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के प्रोफार्मा के अनुसार, ऊपरी मृदा की उपलब्धता पर टिप्पणी की जानी थी और इसके उपलब्ध होने की दशा में उसके भंडारण, स्थान और मात्रा को विनिर्दिष्ट करना था।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, 15 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा उपलब्ध नहीं थी, 14 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया था अथवा 6 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा की कम मात्रा की उपलब्धता का उल्लेख किया गया था और तीन प्रकरणों में ऊपरी मृदा उपलब्ध थी, जबकि संयुक्त भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों में यह पाया गया कि 16 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा मौजूद नहीं थी एवं 22 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा मौजूद थी।	इससे प्रकट हुआ कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने केवल तीन प्रकरणों में ऊपरी मृदा की उपलब्धता प्रतिवेदित की थी जबकि संयुक्त भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों के अनुसार यह 22 खनन पट्टों में उपलब्ध थी। इस प्रकार, 19 खनन पट्टों में ऊपरी मृदा से संबंधित राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन अपूर्ण, गलत एवं अविश्वसनीय थी।
2	अधिभार ढ़ेर: राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के प्रारूप में, निरीक्षणकर्ता अधिकारी को अधिभार ढ़ेरों की संख्या मय माप एवं इन ढ़ेरों की स्थिति, अधिभार ढ़ेरों के चारों ओर धरण दीवार का निर्माण, ढ़ेर के चारों वृक्षारोपणों की संख्या तथा वृक्षारोपण का प्रकार प्रतिवेदित किया जाना अपेक्षित है।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, सात खनन पट्टों में अधिभार नहीं था, 29 खनन पट्टों में अधिभार ढ़ेर नहीं पाया गया या नगण्य ढ़ेर पाया गया और दो पट्टों में अधिभार ढ़ेरों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई थी जबकि संयुक्त भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों में यह पाया गया कि 36 खनन पट्टों में अधिभार ढ़ेर पाये गये एवं 2 खनन पट्टों में अधिभार ढ़ेर नहीं अथवा नगण्य पाये गये।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की किसी भी प्रतिवेदन में ढ़ेरों की संख्या के साथ माप एवं स्थिति के बारे में सभी विवरण उल्लेखित नहीं थे। सात[4] पट्टों में ढ़ेरों की संख्या तथा माप उल्लेखित थी परन्तु उनकी स्थिति विनिर्दिष्ट नहीं थी सिवाय एक पट्टे (07/01 ऋषभदेव) के। दो पट्टों में अधिभार ढ़ेरों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। शेष रहे 29 खनन पट्टों में यह कथन किया गया कि पट्टा क्षेत्र में अधिभार ढ़ेर नहीं पाया गया या नगण्य ढ़ेर पाया गया और इसलिए पुर्नप्राप्ति की आवश्यकता नहीं थी। राजस्थान राज्य प्रदू८ाण नियंत्रण मंडल ने उनकी निरीक्षण प्रतिवेदनों में नौ खनन पट्टों की

[4] सात पट्टे (11/05 एवं 54/93-राजसमंद-I, 02/92, 15/03-राजसमंद-II, 06/89-उदयपुर, 7/01 एवं 08/92-ऋषभदेव)

			धरण दीवार निर्मित होना बताया गया था परन्तु यह देखा गया कि एक खनन पट्टे में धरण दीवार निर्मित होना पायी गयी थी एवं दो खनन पट्टों में धरण दीवार निर्माण प्रगति पर होना प्रतिवेदित किया गया था।
3	वृक्षारोपण: निरीक्षण अधिकारी को निरीक्षण के प्रारूप में पौधों की संख्या, वृक्षारोपण के प्रकार और उसके स्थान पर टिप्पणी करना आवश्यक था।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, 25 खनन पट्टों में 12 से 1,500 पौधे लगाया जाना प्रतिवेदित था, दो खनन पट्टों में 1,000 और 40,000 पौधारोपण प्रतिवेदित किए गए थे, तीन खनन पट्टों में पट्टाक्षेत्र के अन्दर और बाहर 300-3,400 पौधारोपण प्रतिवेदित किए गए थे और खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर किये गये वृक्षारोपण के सम्बन्ध कोई विवरण नहीं दिया गया था एवं एक खनन पट्टे में वृक्षारोपण पर कोई टिप्पणी नहीं की गई, जबकि भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों में पाया गया कि 27 खनन पट्टों में कोई वृक्षारोपण नहीं पाया गया, 3 पट्टा क्षेत्र में पट्टाक्षेत्र के अन्दर और बाहर प्रतिवेदित किए गए 300-3,400 पौधारोपण के विरूद्ध 20 से 100 पौधे पाये गये और एक पट्टे में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने वृक्षारोपण पर कोई टिप्पणी नहीं की गई जबकि 1,750 पौधे पाये गये।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वृक्षारोपण से संबंधित निरीक्षण प्रतिवेदन यथार्थ से परे थी। 25 खनन पट्टों के प्रकरणों में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदनों में 12 से 1,500 पौधे लगाया जाना प्रतिवेदित था। हालांकि, संयुक्त भौतिक निरीक्षण के दौरान कोई वृक्षारोपण नहीं पाया गया। आगे, 25 खनन पट्टों में से दो खनन पट्टों (खनन पट्टा संख्या 415/02 और 414/02) में यह पाया गया कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने क्रमश: वर्ष 2011 और 2012 में निरीक्षण किया था। प्रतिवेदन के अनुसार खनन पट्टा संख्या 415/02 में 35 पौधों और खनन पट्टा संख्या 414/02 में लगभग 30 पौधारोपण लगाया जाना प्रतिवेदित किया था। मार्च 2015 में किये गये दूसरे निरीक्षण में, प्रत्येक खनन पट्टे के क्षेत्र में 50 पौधारोपण किया जाना प्रतिवेदित किया था। हालांकि, संयुक्त भौतिक निरीक्षण के दौरान पट्टा क्षेत्र के अन्दर कोई वृक्षारोपण करना नहीं पाया गया। निरीक्षण अधिकारियों ने जहां पौधारोपण किया था उस विनिर्दिष्ट स्थान के बारे में टिप्पणी नहीं की थी। दो पट्टों (खनन पट्टा संख्या 1/93 और 54/93) में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार क्रमश: लगभग 1,000 और 40,000

			पौधारोपण पट्टाक्षेत्र के अन्दर प्रतिवेदित किए गए थे। हालांकि, संयुक्त भौतिक निरीक्षण करने पर एक भी पौधा मौजूद नहीं था। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने उनकी तीन पट्टों की निरीक्षण प्रतिवेदन में खनन पट्टे क्षेत्र के अन्दर और बाहर 2,000 (खनन पट्टा संख्या 07/01), 3,400 (खनन पट्टा संख्या 02/92) और 300 (खनन पट्टा संख्या 48/11) पौधारोपण करना प्रतिवेदित किया था। यह देखा गया था कि पट्टा क्षेत्र के बाहर किये गये वृक्षारोपण के स्थान के सम्बन्ध कोई विवरण उनकी प्रतिवेदन में नहीं दिया गया था। संयुक्त भौतिक निरीक्षण में यह पाया गया कि खनन पट्टा के क्षेत्र के अंदर खनन पट्टा संख्या 07/01 में 20 पौधे, खनन पट्टा संख्या 2/92 में 100 पौधे और खनन पट्टा संख्या 48/11 में 100 पौधे पाये गये। एक पट्टे (15/03) में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने वृक्षारोपण के विरूद्ध कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन संयुक्त भौतिक निरीक्षण में 1,750 पौधारोपण उपस्थित था।
4	गारलैन्ड नाली का निर्माण	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, 20 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गयी, 15 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली प्रदत्त, दो पट्टों में गारलैन्ड नाली अप्रदत्त और एक पट्टे में गारलैन्ड नाली लागू नहीं जबकि संयुक्त भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों में पाया गया कि दो पट्टों में गारलैन्ड नाली प्रदत्त, 30 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली अप्रदत्त एवं छः पट्टों में गारलैन्ड नाली लागू नहीं थी।	इससे प्रकट हुआ कि राज्य राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने 20 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली की स्थिति पर टिप्पणी नहीं की गई थी। आगे, संयुक्त भौतिक निरीक्षण में यह पाया गया कि 30 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली नहीं थी। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुसार 15 खनन पट्टों में गारलैन्ड नाली निर्मित थी इसके विरूद्ध केवल दो पट्टों में गारलैन्ड नाली बनी हुई पाई गई।

5	**वायु प्रदूषण नियंत्रण उपाय:** पट्टेधारक को परिवेशी वायु की गुणवत्ता के सम्बन्ध में छः माही प्रतिवेदन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रस्तुत करना वांछित था। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के निरीक्षण प्रतिवेदन के प्रपत्र के एक स्तंभ में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों के भाग के रूप में निरीक्षण अधिकारी को, पानी के छिड़काव की व्यवस्था और इसके कार्यप्रणाली, पानी के छिडकाव की आविधिकता और स्थान का विवरण जहां छिडकाव किया जाना था, प्रतिवेदित करना था।	वायु की गुणवत्ता से संबंधित संयुक्त भौतिक निरीक्षण प्रतिवेदनों के जांच-परिणामों को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के निरीक्षण प्रतिवेदनों के साथ प्रति-सत्यापन किया जाना संभव नहीं था चूंकि संयुक्त भौतिक निरीक्षण के दौरान वायु गुणवत्ता की जांच खनन स्थल पर उपकरणों के अभाव में नहीं की जा सकी थी।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के निरीक्षण प्रतिवेदन के प्रपत्र में पानी के छिड़काव की व्यवस्था से संबंधित स्तम्भ निरीक्षण अधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से नहीं भरे गये थे और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों ने परेवेशी वायु गुणवत्ता से संबंधित छः माही प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने पर कोई कार्यवाही आरंभ नहीं की थी।
6	**ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण उपाय**	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की 38 खनन पट्टों की निरीक्षण प्रतिवेदनों की संवीक्षा में प्रकट हुआ कि इनमें ध्वनि के स्तर के बारे में कोई उल्लेख नहीं था।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल खनन पटटा क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण स्तर का प्रबोधन नहीं कर सका चूंकि ध्वनि के स्तर के प्रबोधन के लिये निरीक्षण प्रपत्र में स्तम्भ प्रदान नहीं किया था।
7	**उत्खनित गड्ढों का पुनःस्थापन एवं सुधार**	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, जांचे गये 38 खनन पट्टों में से केवल तीन निरीक्षणों में पट्टेदार को खनन संक्रियाओं से प्रभावित चरणबद्ध पुर्नस्थापन, सुधार व पुनर्वास के लिये सलाह दी गई थी। जबकि भौतिक निरीक्षण जांच परिणामों में पाया गया कि खनन पट्टों में चरणबद्ध पुर्नस्थापन, सुधार व पुनर्वास नहीं किये पाये गये।	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल पट्टा क्षेत्र में भूमि का चरणबद्ध रीति से पुर्नस्थापन, सुधार व पुनर्वास कार्य का प्रबोधन नहीं कर सका चूकि इस पहलु को निरीक्षण प्रपत्र में शामिल नहीं किया गया था।
8	**बेन्चों में खनन** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के प्रारूप में बैन्चों के विकास के	राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार, 23 खनन पट्टों में बेन्चों के विकास के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी नहीं की, 10 खनन पट्टों में बेन्चें विकसित की एक खनन पट्टे में	यह पाया गया कि 23 खनन पट्टो के लिये स्तम्भ में राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल ने 'कोई टिप्पणी' नहीं दी गई थी। 10 खनन पट्टों के लिये यह

